तापमान
अधिकतम 15.2 डिग्री
न्यूनतम 5.1 डिग्री


हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 जनवरी 2024

11 जिले को मिले 2 कृषि ड्रोन, छह मिनट में एक एकड़ ...



12 जाट कॉलेज में हैंडबाल चैंपियनशिप शुरू






## शहर में आज

- स्वामी विवेकानन्द युवा महासम्मेलन में जाने वाली बसों को विप्लब कुमार देव और डॉ. अरविन्द शर्मा हरी झंडी दिखाएंगे।
- आईसी कॉलेज में नेशनल वर्कशॉप का आयोजन सुबह 11 बजे से
- जाट कॉलेज में तीन दिवसीय हैंडबाल चैंपियनशिप सुबह 10 बजे से
- एमडीयू में इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट सुबह 10 बजे से
- छोटूराम चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11 बजे से
- तहसील कार्यालय में पटवारियों का धरना जारी रहेगा
- महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में हैंडबॉल प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से

## खबर संक्षेप

### मदवि: चौथे सेमेस्टर का परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2023 में आयोजित एमएससी बायो कैमिस्ट्री सीबीसीएस स्कीम के चौथे सेमेस्टर की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीएस सिन्धु ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### चेयरमैन और सदस्य मनोनीत किए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन्ज विभाग के अध्यक्ष प्रो. नसीब सिंह गिल को सेंट्रल प्रचेजिंग कमेटी (सीपीसी) का चेयरमैन तथा इमसॉर के प्रोफेसर डॉ. प्रदीप अहलावत को सीपीसी का सदस्य मनोनीत किया है।

### अवाड्र्स अपलोड करने के लिए पैनल ओपन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के बीटेक/बी. प्लानिंग प्रथम सेमेस्टर तथा बी. आर्क प्रथम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों के इंटर्नल एसेसमेंट अवाड्र्स अपलोड करने के लिए पैनल 11 जनवरी से ओपन हो गया है।

### 8 प्राध्यापक शैक्षणिक परिषद सदस्य मनोनीत

**रोहतक।** मदवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने एमडीयू एक्ट के स्टैच्युट 13 के प्रावधानों के तहत 8 प्राध्यापकों को शैक्षणिक परिषद का सदस्य मनोनीत किया है। विधि विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सोनू, बॉटनी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरेन्द्र सिंह, हिन्दी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कृष्णा देवी, शिक्षा विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. माधुरी, कामर्स विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. कपिल मल्होत्रा, कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन्ज विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. पूजा मित्तल, विधि विभाग के सहायक प्रो डॉ. सुरेन्द्र कुमार तथा यूआईईटी के इलेक्ट्रीकल इंजी. के सहायक प्रोफेसर डॉ. विपिन को तुरंत प्रभाव से दो वर्ष हेतु शैक्षणिक परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया है।

### स्वच्छता सर्वेक्षण : इस बार गुरुग्राम को पछाड़कर प्रदेश में नंबर वन बना शहर

# रोहतक सबसे साफ-सुथरा, कूड़ा कलेक्शन, कचरा डंपिंग और पब्लिक टॉयलेट में मिली बड़ी कामयाबी

**हालांकि राष्ट्रीय स्तर पर 71 पायदान खिसके, 38वें रैंक से 109वें पर आए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्वच्छता सर्वेक्षण में रोहतक ने प्रदेश के सभी जिलों को पछाड़कर नंबर-1 रैंक हासिल किया है। 9500 अंकों की परीक्षा में से रोहतक को 4 हजार 843 अंक मिले हैं। पिछली बार रोहतक दूसरे स्थान पर था। इस बार दूसरे नंबर पर करनाल और कालका रहे। वहीं बेरी और पंचकूला को तीसरी रैंक और गुरुग्राम और नीलोखेड़ी को चौथी रैंक मिली है। इसी तरह झज्जर और बहादुरगढ़ को पांचवीं रैंक दी गई है। सबसे नीचे अंबाला और सोहना रहे हैं, इन दोनों शहरों को 10वीं रैंक मिली है। बेशक रोहतक ने प्रदेश में पहला स्थान पाया हो, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिग में बड़ी गिरावट आई है। 2022 के स्वच्छता सर्वेक्षण में रोहतक को देश में 38वीं रैंक हासिल हुई थी, जबकि इस बार 109वीं रैंक मिली है। राष्ट्रीय स्तर पर रोहतक 71 पायदान नीचे चला गया है। सफाई पर करोड़ों खर्च करने के बाद भी रोहतक नेशनल लेवल पर अपनी रैंक को गिरने से नहीं बचा पाया। रोहतक कचरा डंपिंग, सर्विस लेवल प्रोग्रेस, सिटीजन वॉयस आदि में पीछे रहा। बता दें कि स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 में रोहतक को बेहतर रैंकिंग की उम्मीद थी, हरियाणा में तो रोहतक उम्मीद पर खरा उतरा लेकिन देशभर के 466 शहरों में नगर निगम की आशा पर फिट नहीं बैठा। इंदौर और सूरत को सबसे साफ शहर माना गया है।



**रोहतक।** दिल्ली में अवार्ड लेते नगर निगम के आयुक्त जितेंद्र दहिया और नोडल ऑफिसर मनदीप धनखड़। फोटो : हरिभूमि






### कूड़ा कलेक्शन 99 प्रतिशत

स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंकिग के लिए रोहतक को अलग-अलग पैमाने पर खरा उतरना था। रैंकिग में बताया गया है कि रोहतक में घर-घर से 99 प्रतिशत कूड़ा कलेक्शन किया जा रहा है। इसी तरह 48 प्रतिशत कूड़े को अलग-अलग किया जा रहा है। कचरा डंपिग के लिए 88 प्रतिशत मार्किंग हुई है।

### पब्लिक टॉयलेट 100 प्रतिशत साफ

रोहतक को पहली रैंकिग दिलवाने में पब्लिक टायलेट और जलघरों का भी विशेष योगदान रहा। रोहतक में पब्लिक टॉयलेट 100 प्रतिशत साफ हैं और जलघरों की सफा-सपॉई पर भी 100 प्रतिशत मार्किंग दी गई है।

### कचरा डंपिंग 88 प्रतिशत

रोहतक में कचरा डंपिग 88 प्रतिशत की जा रही है। स्वच्छता सर्वेक्षण करने आई टीम ने कई फेज में बारीकि से मुआयना किया और पाया कि कचरा डंपिंग 100 प्रतिशत सही नहीं हो रहा। दूसरी और रोहतक के रिहायशी और मार्केट क्षेत्र में 98 प्रतिशत साफ-सफाई है। इसी के आधार पर रैंकिंग में मार्क दिए गए हैं।

### रोहतक की देशभर में अब तक रैंकिंग

| साल | रैंकिंग |
|---|---|
| 2016 | 288वीं रैंक |
| 2017 | 295वीं |
| 2018 | 89वीं |
| 2019 | 69वीं |
| 2020 | 35वीं |
| 2021 | 49वीं |
| 2022 | 38वीं |
| 2023 | 109वीं |

### सिटीजन वॉयस

सिटीजन वॉयस यानी लोगों ने साफ-साफाई के बारे में क्या कहा, इसके लिए 2170 अक थे, लेकिन नगर निगम को प्रदेश में 979.61 स्कॉर दिया गया।

### स्टार रैंकिंग नहीं मिली


स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 तीन वर्गों में 7500 अंकों के आधार पर किया था। रोहतक ने कुल 5143.17 अंक हासिल किए थे। स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 में 6 हजार में से 3821.52 अंक मिले थे। रोहतक नगर निगम को दो साल से तीन स्टार मिले थे। ओडीएफ प्लस-प्लस भी रहा था। इस बार रोहतक प्रदेश में नंबर वन तो रहा लेकिन स्टार रेकिंग नहीं मिल पाई।

### सर्विस लेवल प्रोग्रेस

सर्विस लेवल प्रोग्रेस के लिए 4830 अंक दिए जाने थे, लेकिन रोहतक को प्रदेया में कुल 1480. 35 एवरेज मिली।

### सर्टिफिकेशन

सर्टिफिकेशन के 2500 अंक थे, लेकिन रोहतक को प्रदेया में कुल 496.61 अंक और नेशनल वेलव पर 525.71 अंक मिले।



### अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता की मेहनत से मिली सफलता



हमने भरपूर प्रयास किया। सरकार ने भी बजट दिया। अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता की मेहनत से रोहतक हरियाणा में पहले नंबर पर रहा। इसके लिए रोहतक के लोगों को बधाई। नगर निगम के आयुक्त जितेंद्र दहिया, नोडल ऑफिसर मनदीप धनखड़ ने दिल्ली जाकर यह अवार्ड लिया। नेशनल लेवल पर रैंकिंग सुधारने के लिए नगर निगम को और मेहनत करनी होगी।

-**मनमोहन गोयल**, मेयर, नगर निगम।

### गांव चमारिया पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# सरकार ने गरीब, पिछड़े व कमजोर को दिए उनके अधिकार: बिप्लब देब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा भाजपा के प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब ने कहा कि मोदी सरकार ने समाज के गरीब, पिछड़े व कमजोर वर्ग के लोगों को उनके अधिकार दिलाने का काम किया है। मौजूदा सरकार पूर्ण रूप से गरीबों को समर्पित सरकार है। उन्होंने ये बात विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव चमारिया में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, पिछड़े व कमजोर वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए जनकल्याणकारी नीतियों को गांव व वार्ड स्तर पर पात्र लोगों के घर द्वार तक पहुंचा दिया है। सरकार ने व्यवस्था का डिजिटाइजेशन किया है, जिस व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता आई है। बिप्लब कुमार देब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से देश की जनता का सैकड़ों वर्ष पूर्व राम मंदिर बनने का सपना 22 जनवरी को साकार होने जा रहा है। कांग्रेस के नेताओं ने राम मंदिर कार्यक्रम का निमंत्रण ठुकराकर देश के सामने अपनी विचारधारा को उजागर कर दिया है।

- सीधा अयोध्या से जुड़ जाएगा रोहतक: सांसद डॉ. अरविंद शर्मा



### पीजीआई में नर्सिंग स्टाफ 16 को हड़ताल पर

**रोहतक।** पीजीआईएमएस की नसिंर्ग एसोसिएशन ने 16 जनवरी को लिए जाने वाले सामूहिक अवकाश में अधिक से अधिक संख्या में बढ़.चढ़कर भाग ले लेने का निर्णय लिया है। नसिंर्ग एसोसिएशन के प्रधान विकास फोगाट ने बताया कि पिछले करीब 15 सालों से सरकार से लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसके बावजूद सरकार ने उनकी मांगे मानने के तरफ कोई भी कदम नहीं बढ़ाया है। इसके चलते सभी नसिंर्ग स्टाफ में रोष है और सभी ने एकमत से 16 जनवरी को सामूहिक अवकाश लेने का निर्णय लिया हुआ है। यदि 16 जनवरी को भी सरकार ने कोई फैसला हक में नहीं लिया तो हड़ताल अनिश्चितकालीन होगी।

### वाह... फूलों से महक उठा मदवि कैंपस



फोटो : अनिल चहल

**डवलपमेंट** | औद्योगिक प्लॉट की बिक्री को बढ़ाने के लिए बहादुरगढ़ में इन्वेस्टर मीट हुई

# हैफेड मेगा फूड पार्क बनाने की प्रक्रिया तेज, प्लॉटों की ई-नीलामी के लिए 18 तक करें पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आईएमटी में 50 एकड़ में बनने वाले मेगा फूड पार्क में औद्योगिक प्लाटों की ई-नीलामी के लिए 18 जनवरी तक पंजीकरण करना होगा। जो व्यक्ति निवेश करना चाहता है वे ई-नीलामी के लिए पोर्टल पर पंजीकरण करवाएं। बता दें कि फूड पार्क में 450 से 4050 वर्ग मीटर तक के 80 औद्योगिक प्लाट हैं। यहां फूड पार्क में हैफेड ने बहुद्देश्यीय कोल्ड स्टोरेज, साइलो जैसी सामान्य बुनियादी ढांचा सुविधाएं हैं। बड़ा फायदा ये निवेशकों को अपनी ईकाइयों में कामकाज करने के लिए सामान्य सुविधाएं बनाने में निवेश नहीं करना पड़ेगा। निवेशक मेगा फूड पार्क में पशु चारा उद्योग, फल और सब्जी प्रसंस्करण, डेयरी और दूध, अनाज के प्रसंस्करण जैसे खाद्य प्रसंस्करण उद्योगो के सहायक के रूप में पैकेजिंग सुविधाएं स्थापित कर सकते हैं। मेगा फूड पार्क में मांस और पोल्ट्री, मसाले, पेय उत्पादन, खाद्य तेल निष्कर्षण और शोधन, बेकरी, स्नैक्स, रेडी-टू-ईट और रेडी-टू-कुक खाद्य पदार्थ, डिब्बाबंद और संरक्षण, खाद्य सामग्री विनिर्माण इकाइयां स्थापित की जा सकती हैं।




### आधुनिक सुविधा देंगे

हैफेड के अतिरिक्त प्रबंध निदेशक करनैल सिंह लाठर ने बताया कि बहादुरगढ़ में निवेशक मीट में निवेशकों को बताया कि मेगा फूड पार्क योजना का मुख्य उद्देश्य खेत से बाजार तक मूल्य श्रृंखला के साथ खाद्य प्रसंस्करण के लिए आधुनिक बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है। हैफेड द्वारा दिल्ली को रोहतक से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-10 पर आईएमटी में 50 एकड़ में मेगा फूड पार्क स्थापित किया गया है।

### निवेशकों का आभार जताया

मैसर्ज प्राइमस पार्टनर्स के विपणन सलाहकार सरीम खान ने मेगा फूड पार्क एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। एमएसएमई और नाबार्ड के अधिकारियों ने निवेशकों को नीतिगत प्रोत्साहनों के बारे में बताया। हैफेड मेगा फूड पार्क के प्रबंध निदेशक राजेश हुड्डा ने सभी निवेशकों का हैफेड की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एचएसआईआईडीसी शेष औद्योगिक प्लाटों को ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री कर रही है।

### स्वराज सदन में नशा मुक्त युवा विषय पर कार्यक्रम

# नशे से बचें युवा, नहीं तो हो जाएंगे बर्बाद: प्रो. मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

देश के भविष्य को बचाना है तो युवाओं को नशे से बचाना होगा। युवा नशे को ना कहें और जिंदगी को हां कहे।

यह कहा है महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक एफेयरस प्रो. एएस मान ने। प्रो. मान वीरवार को स्वराज सदन में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा की समृद्धि का आधार नशा मुक्त युवा विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज में युवाओं को नशे से बचाने के लिए सघन जागरूकता अभियान चलाना होगा। युवाओं को खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों से जोड़ना होगा। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए एनएसएस, वाईआरसी तथा यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. तिलक राज ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया और इस कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला।



कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते हुए मदवि के डीन एकेडमिक एफेयरस प्रो. एएस मान ।

सेलिब्रेशन / शिखर चंद जैन

बच्चों, मकर संक्रांति के अवसर पर अपने भारत देश के विभिन्न हिस्सों में रंग-बिरंगी, विभिन्न आकार और प्रकार की पतंगें उड़ाने की परंपरा है। अपने देश की तरह दुनिया के कई देशों में भी पतंगबाजी के उत्सव मनाए जाते हैं। जानो, कुछ अनोखे काइट फेस्टिवल्स के बारे में।

# अजब-गजब काइट फेस्टिवल्स



### केपटाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल साउथ अफ्रीका

साउथ अफ्रीका देश की राजधानी केपटाउन के मैकब्रोस्टरेंड बीच पर हर साल 20,000 से ज्यादा लोग की भीड़ पतंग उड़ाने के लिए इकट्ठा होती है। काइट फेस्टिवल में तरह-तरह की डिजाइन और आकार की पतंगों को आसमान में उड़ते देखना अनोखा अनुभव होता है। बच्चों, केपटाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल अफ्रीका महाद्वीप का सबसे बड़ा पतंगोत्सव है। केप टाउन इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल हर साल अक्टूबर महीने में आयोजित होता है। *



### अर्टवेंटो सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इटली

यूरोप महाद्वीप के देश इटली में समुद्र तटीय रिजॉर्ट शहर सर्विया के पिनारेला बीच पर हर साल अर्टवेंटो सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। यह काइट फेस्टिवल, दुनिया के सबसे अनूठे काइट फेस्टिवल्स में से एक है। यहां दुनिया भर की कलात्मक पतंगों को एक साथ देख सकते हैं। पिनारेला बीच पर समुद्र के किनारे तरह-तरह के कार्टून कैरेक्टर्स, जानवरों, पक्षियों और अन्य आकारों की पतंगें उड़ता देखना काफी मजेदार लगता है। सर्विया इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल 20 अप्रैल 2024 से शुरू होकर 1 मई 2024 को समाप्त होगा। *



### पोर्ट्समाउथ इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इंग्लैंड

इंग्लैंड के तटीय शहर पोर्ट्समाउथ में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल के दौरान रंग-बिरंगी पतंगों से आसमान पट जाता है। यहां पतंग उड़ाने के साथ-साथ पतंग बनाने की कला भी सिखाई जाती है। तुम यहां उड़ने वाली पतंगों के विभिन्न प्रकार, आकार और डिजाइन देखकर चौंक जाओगे। यहां उड़ी पतंगें, म्यूजिक बजाने वाली पतंगें, ट्रिक दिखाने वाली पतंगें और इंजीनियरिंग के बेहतरीन नमूने वाली पतंगें, यहां आने वाले पर्यटकों का दिल जीत लेती हैं। इंग्लैंड का यह अनोखा पतंग उत्सव हर साल अगस्त महीने में मनाया जाता है। *

### वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल चीन

पड़ोसी देश चीन के वेईफांग नामक जगह को 'दुनिया की पतंग राजधानी' कहा जाता है। चीन के शेडोंग प्रांत के वेईफांग में हर साल वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। फेस्टिवल में ड्रैगन के विशाल आकार सहित अन्य कई जानवरों के डिजाइनों वाली पतंगें उड़ाई जाती हैं, लेकिन यहां ड्रैगन डिजाइन की पतंगें ही सबसे ज्यादा उड़ाई जाती हैं। वेईफांग इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल इस साल 20 अप्रैल से आरंभ होगा। *



### जायंट काइट फेस्टिवल ग्वाटेमाला

उत्तरी अमेरिका महाद्वीप के ग्वाटेमाला देश में सुंपांगो और सैंटियागो साकाटेपीक्वेज नामक जगहों में प्राचीन काल से पतंग उड़ाने की परंपरा रही है। यहां ऑल सेंट्स डे (प्रतिवर्ष 1 नवंबर) के दिन जायंट काइट फेस्टिवल आयोजित होता है। इस दौरान विशालकाय गोलाकार पतंगें उड़ाई जाती हैं। स्थानीय निवासी इन गोलाकार पतंगों को बुरी आत्माओं को दूर रखने के लिए उड़ाते हैं। जिस दिन यहां पतंगें उड़ाई जाती हैं, उसे डाया डी लोस म्यूरटोस कहते हैं। *



छोटी कहानी / संदीप पांडे शिष्य

## त्योहार की खुशी

नववर्ष आकर चला गया। अब तो मकर संक्रांति आने वाली है।' राघव अपनी दोस्त सिया से बोला।

'नववर्ष का दिन तो रात में नाच-गाकर उत्सव मनाने का दिन है। लेकिन मकर संक्रांति तो दिन भर त्योहार का आनंद देता है। दादी जी कह रही थीं कि हमारे सारे त्योहार मौसम चक्र के अनुसार बने हैं। उसमें बनने वाले मिष्ठान और खाद्य-पदार्थ भी शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।' सिया खुश होकर राघव से बोली।

'सिया, मुझे तो दिनभर पतंग उड़ाने में बहुत मजा आता है। आसमान में रंग-बिरंगी सैकड़ों पतंगों के बीच अपनी पतंग की कलाबाजियां दिखाने में मुझे बहुत खुशी मिलती है। साथ ही तिल के लड्डू, गजक और दाल की पकौड़ी खाते जाओ और पतंग उड़ाते जाओ। पिछले साल मैंने अपनी एक पतंग से आसमान में उड़ती पूरी सात पतंगें काटी थीं। इस बार देखना कम से कम दस पतंगें काटूंगा।' राघव चहक कर बोला।



'अच्छी बात है, लेकिन तुम्हें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि चाइनीज मांझे से परिंदों को कष्ट ना हो। पक्षी मांझे में उलझकर घायल हो जाते हैं। दुपहिया वाहन सवारों को भी तकलीफ उठानी पड़ती है। पतंग उड़ाने के लिए चाइनीज मांझे का प्रयोग बिल्कुल बंद कर देना चाहिए, इससे किसी के भी जीवन को खतरा हो सकता है।' सिया ने किसी बुजुर्ग की तरह आदेश दिया। राघव कुछ देर चुप्पी के बाद बोला, 'बात तो तुम्हारी एकदम सही है। मैं इस बार ध्यान रखूंगा। पिछली बार भी मम्मी ने मुझे इसके लिए चेताया था, लेकिन मैंने उनकी बात नहीं मानी। तुम इस बार पतंग उड़ाने मेरे घर आ जाना। हम मिलकर मस्ती करेंगे।'

'नहीं मैं नहीं आ पाऊंगी। मैं दादी जी के संग, सुबह सूर्य देव जब मकर राशि में प्रवेश करेंगे, तब छत पर जाकर सूर्य नमस्कार करूंगी। साथ ही सूर्य देव का आभार प्रकट करूंगी कि वह हमें रोशनी और ताप देते हैं, ताकि हम ठिठुरन भरी सर्दी का मुकाबला कर सकें। उसके बाद पापा-मम्मी के साथ जरूरतमंदों को शॉल, टोपी और कंबल बांटने जाऊंगी। पतंग को तो आसमान में उड़ता देखकर आनंद आ जाएगा। पतंग उड़ाना तो मुझे आता भी नहीं।' सिया ने शालीनता से राघव को इंकार किया तो वह कुछ उदास हो गया। उसने सिया से सवाल किया, 'अच्छा तो क्या मैं तुम्हारे साथ चल सकता हूं?'

'हां...हां... क्यों नहीं? तुम सुबह आठ बजे ही नहा कर और तैयार होकर मेरे घर आ जाना। हम पूजा भी साथ करेंगे और फिर दान का सौभाग्य भी साथ प्राप्त करेंगे।' सिया की सहमति में बेहद प्रसन्नता झलक रही थी। राघव ने सिया से विदा लिया। इस बार मकर संक्रांति को नए ढंग से मनाने का उसका उत्साह बहुत अलग था। घर की ओर बढ़ते उसके कदम थिरक से रहे थे। *

## जीके क्विज-87

1. हाल में इसरो के सोलर मिशन ने अंतरिक्ष में किस बिंदु पर सफलतापूर्व स्थापित होकर इतिहास रचा?
2. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का मुख्यालय कहां है?
3. माउंट एवरेस्ट की चोटी पर दो बार चढ़ने वाली भारतीय महिला कौन हैं?
4. आंवले में प्रचुर मात्रा में कौन-सा विटामिन पाया जाता है?
5. हाल में शेख हसीना किस पड़ोसी देश की पांचवीं बार पीएम बनीं?
6. कागज का आविष्कार किस देश में हुआ था?
7. किस महापुरुष की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाते हैं?
8. ऑडियोमीटर से क्या मापा जाता है?
9. गिद्धा किस राज्य का प्रसिद्ध लोकनृत्य है?
10. गौतम बुद्ध के बचपन का नाम क्या था?



बच्चों, जीके क्विज-87 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-86 का उत्तर:** 1- क्षिप्रा नदी, 2-लता मंगेशकर चौक(अयोध्या), 3-गोवा, 4-अरविंद पनगढ़िया, 5-7 दिसंबर, 6-झारखंड, 7-अरावली पर्वत श्रृंखला, 8-अशोक स्तंभ, 9-आठ राज्यों से, 10-20 ओवर

**जीके क्विज-86 का सही उत्तर देने वाले :** रेहान-भिलाई, शुभम-महासमुंद, लक्ष्मी-बागबाहर, रौनक-जांजगीर, अजय-रायपुर, विकास-भोपाल, सोनम-जगदलपुर, हिमेश-हिसार, अभिषेक-कटनी, प्रीती-दुर्ग, अनाया-बिलासपुर

## हंसगुल्ले

**पप्पू**-मम्मी, मुझे ऐसा लगता है, जैसे मेरे कान में कोई गुनगुना रहा है।
**मम्मी**- ऐसा कब होता है बेटा?
**पप्पू**- जब मैं मच्छर दानी लगाकर बेड के किनारे सोता हूं।

-सुंदर, रोहतक

**सोनी**-मोनी, तुम आज पार्क में हैट लगाकर क्यों खेलने आई हो?
**मोनी**-ताकि किसी को पता न चल सके कि मेरे माइंड में क्या चल रहा है।

-पिंकी, जबलपुर



गोलू और गप्पा जंगल में घूम रहे थे कि अचानक उनके सामने कोई जंगली जानवर आ गया। गोलू ने उस जानवर की आंख में मिट्टी झोंक दी।
**गोलू**- गप्पा भाग!
**गप्पा**- मैं क्यों भागूं, मिट्टी तो तुमने डाली है।

-पूजा, रायपुर

कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

गोलू पतंग लूटकर उन्हें छत पर बने स्टोर रूम में रखता था। उसकी छत से लगे घर में रहने वाला अनुज, स्टोर से पतंगें चुरा लेता। गोलू को जब पता चला तो उसे बहुत गुस्सा आया। मकर संक्रांति के दिन उसने अनुज के साथ जो किया, वह बहुत ही अचरज करने वाली बात थी।

## हैप्पी मकर संक्रांति



इन दिनों गोलू स्कूल से आते ही छत पर चला जाता था। सूरज डूबने के बाद ही नीचे आता। गोलू को पतंग उड़ाने से ज्यादा पतंग लूटने का शौक है। उसने छत पर अलग-अलग लंबाई के डंडे रख रखे हैं, जिनका इस्तेमाल करके वह पतंग लूट लेता है। उसे लगता है, जो मजा लूटी हुई पतंग उड़ाने में है, वह खरीदकर उड़ाने में नहीं है। गोलू छत पर ही बने स्टोर रूम में एक के बाद एक पतंगें इकट्ठी करता जा रहा था, लेकिन वह पतंगों की गिनती नहीं करता था।

मकर संक्रांति का त्योहार आ गया था। गोलू बहुत खुश था कि वह अब मजे से पतंग उड़ाएगा। अगले दिन मकर संक्रांति थी। मम्मी हर बार की तरह इस बार भी रात को गाजर का हलवा बना रही थीं। जब गाजर का हलवा तैयार हो गया तो उन्होंने एक बड़ा कटोरा गोलू के हाथों में थमाते हुए कहा, 'बेटा, यह पड़ोस वाली आंटी को दे आओ। आंटी की तबीयत ठीक नहीं है। उनके बेटे को गाजर का हलवा बहुत पसंद है।'

गोलू ने पड़ोस वाले घर में जाकर डोर बेल बजाई, लेकिन कोई गेट खोलने नहीं आया। वह वापस लौटने ही वाला था कि उसने फुसफुसाहट सुनी। यह आवाज आंटी के बेटे अनुज की थी, जो फोन पर किसी से कह रहा था, 'अरे, पतंग की कोई टेंशन नहीं है। हमारे पड़ोस में एक बुद्धू बच्चा रहता है। वह पतंग लूटकर ऊपर वाले स्टोर रूम में रख देता है, स्टोर में ताला भी नहीं लगाता। हमारे घर की छतें जुड़ी हुई हैं। मैं रोज दो-तीन पतंगें चुपके से निकाल कर ले आता हूं। मेरे पास करीब पचीस-तीस पतंगें इकट्ठी हो गई हैं।'

यह सुनकर गोलू को बहुत गुस्सा आया, लेकिन वह चुप रहा। उसने फिर से डोर बेल बजाई तो अनुज की मम्मी ने दरवाजा खोला। गोलू ने बनावटी मुस्कान के साथ हलवा उनके हाथों में थमा दिया और पूछा, 'आपकी तबीयत कैसी है आंटी?' 'तबीयत पहले से बेहतर है बेटा।' आंटी बोलीं। उन्होंने गोलू को दो मिनट रुकने को कहा। गोलू का रुकने का मन तो नहीं था, फिर भी रुक गया। गोलू ने देखा आंटी भीतर गईं और ढेर सारी पतंगों का बंडल हाथ में लेकर आईं। पतंगों का बंडल गोलू को थमाते हुए बोलीं, 'अनुज तुम्हारी छत से रोज पतंगें लेकर आता है। मैं इसे डांटती हूं, लेकिन इस पर कोई असर नहीं होता। सुबह उसे एक भी पतंग नहीं मिलेगी, ना ही मैं उसे खरीदने दूंगी, तभी उसे एहसास होगा कि चोरी करने का क्या नतीजा होता है?'

गोलू को समझ में नहीं आया कि वह क्या कहे। वह मुस्कुराते हुए बोला, 'आंटी जी, अनुज मेरे भाई की तरह है। ये पतंगें आप उसे ही उड़ाने दीजिए।'

गोलू की बात सुनकर आंटी ने उसको ढेर सारा आशीर्वाद दिया। गोलू वापस घर लौटते हुए सोच रहा था कि पता नहीं उसने यह सही किया या गलत किया? उसने घर जाकर मम्मी को जब सारी बात मम्मी को बताई तो वह बोलीं, 'बेटा, तुमने बिल्कुल सही किया।'

अब क्योंकि गोलू खुद ही पतंगें अनुज को दे आया था तो उसे इस बात का कोई दुख नहीं था।

गोलू जब सुबह छत पर गया और स्टोर रूम खोला तो उसे पतंगों का एक बंडल अलग ही पड़ा दिखा। वह जैसे ही पीछे मुड़ा तो देखा, छत की दीवार के उस पार अनुज खड़ा मुस्कुरा रहा था, वह बोला, 'भैया, सॉरी...!'

यह सुनकर गोलू मुस्कुरा उठा, बोला, 'कोई बात नहीं, मिलकर पतंग उड़ाते हैं। हैप्पी मकर संक्रांति अनुज।' *

कविता

दिनेश विजयवर्गीय



## पतंग

छोटे-बड़े सब जन उड़ाते
संक्रांति पर खूब पतंग।
दूर गगन में सैर को जाती
संग हवा के चले पतंग।
अनुशासन का पाठ पढ़ाती
संग डोर के बंधी पतंग।
मोनू टोनू छत पर जाते
लेकर गिड़गिड़ी और पतंग।
जब फंद जाती पैचों में
संघर्ष करती खूब पतंग।
उत्साह भरा शोर हो जाता
जब कट जाती कोई पतंग।
जिसका होता मांझा अच्छा
सदा जीतती वही पतंग।
रंग-बिरंगी रूपों वाली
उड़ती चारों ओर पतंग।
जब कट जाती रुक न पाती
कह जाती अलविदा पतंग।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां पर मकर संक्रांति के दिन मैदान पर पतंग उड़ाते बच्चों से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। जल्दी से ये अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।





**उत्तर:** 1-आसमान में बादल की संख्या में अंतर है। 2-सबसे बाईं तरफ वाली बच्ची की पतंग का रंग अलग है। 3-इसी बच्ची का हेयर स्टाइल भी अलग दिख रहा है। 4-चित्र में आसमान में पक्षी नहीं दिख रहे हैं। 5-सबसे दाईं तरफ वाली बच्ची की ड्रेस पर एक कार्टून का डिजाइन बना है। 6-बच्चे के पैरों के पास पतंग की जगह चरखियां रखी हैं।

## गिनकर बताओ

बच्चों, यहां दिए गए चित्र में बहुत सारी रंग-बिरंगी पतंगें आसमान में उड़ती दिख रही हैं। तुम्हें जल्दी से गिनकर बताना है कि चित्र में पतंगों की कुल संख्या कितनी है?



उत्तर : 21

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां पर मकर संक्रांति के मौके पर पतंग उड़ाते हुए एक बच्चे के चित्र के साइड में 6 परछाइयां दी गई हैं। तुम्हें इन 6 परछाइयों में से उस परछाई को पहचानना है, जो इस बच्चे के चित्र की एकदम सही परछाई है। जल्दी से सही परछाई को पहचानो तो।




उत्तर : D

## खबर संक्षेप

### आशा वकर्स और एएनएम को दी ब्रिज ट्रेनिंग

**कलानौर।** उप मंडल नागरिक अस्पताल कलानौर में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कमल वर्मा के दिशा-निर्देशन में आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर और एएनएम की एकदिवसीय ब्रिज ट्रेनिंग कराई गई। डॉ. वर्मा ने बताया कि संपूर्ण टीकाकरण से ही बच्चे स्वस्थ हो सकते हैं। इसलिए बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण करवाना अति आवश्यक है।

### विद्यार्थियों को कौशल का महत्व बताया

**रोहतक।** भाषायी कौशल, मीडिया तकनीक कौशल, आईसीटी कौशल पर फोकस करने तथा कॅरियर लक्ष्य हासिल करने के लिए अपनी रूचि अनुसार कॅरियर क्षेत्र निर्धारित करने का मंत्र महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में आयोजित ओरिएंटेशन एवं संवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्राध्यापकों ने दिया।

### सरकार कर रही मांगों की अनदेखी

**रोहतक।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा की बैठक 12 जनवरी को रोहतक में होगी। इस दौरान सरकार की वायदाखिलाफी के विरोध में होने वाली 24 जनवरी की सांकेतिक हड़ताल की तैयारी को लेकर चर्चा की जाएगी। राज्य मोर्चा सदस्य ओमप्रकाश ग्रेवाल, जयबीर घणघस, सुरेश नहरा, रोहित देशवाल ने बताया कि सरकार बार बार कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान करने का भरोसा दिलाती है।

### पटवारियों की सुनवाई नहीं कर रही है सरकार

**रोहतक।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने पटवारियों की हड़ताल को लेकर सरकार पर निशाना साधा। सरकार पटवारियों की मांगों की सुनवाई नहीं कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा सुनवाई न करने के विरोध में पटवारियों ने दो दिन की हड़ताल और बढ़ा दी है।

### संकल्प यात्रा का विभिन्न गांवों में हुआ स्वागत

**रोहतक।** संकल्प यात्रा का जिला के गांवों चमारिया, नसीरपुर, भैणी चंद्रपाल व बेडवा में पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। आयुष्मान व चिरायु हरियाणा योजना के कुल 4742 लाभार्थियों में से अब तक 116 लाभर्थियों ने 44.84 लाख रुपये की धन राशि के स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठाया है।

---

### कृषि क्षेत्र में ड्रोन का प्रयोग से काफी बदलाव आने की उम्मीद

# जिले को मिले 2 कृषि ड्रोन, छह मिनट में एक एकड़ में होगा स्प्रे

**इफको ने बृहस्पतिवार को कृषि विभाग कार्यालय में ई-रिक्शा सहित दो ड्रोन निःशुल्क प्रदान किए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





जिला के किसानों को खाद व अन्य कीटनाशक के छिड़काव के लिए दो ड्रोन मिले हैं। इनका उपयोग खेती में बेहद लाभकारी है। इससे किसानों की मेहनत व खर्च दोनों में बचत होगी। कृषि क्षेत्र में ड्रोन का प्रयोग से काफी बदलाव आने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि महिला ड्रोन उद्यमी कविता व जसबीर सिंह जिला के खेतों में नैनो यूरिया व डीएपी का छिड़काव करेंगे। ड्रोन से 6 मिनट में एक एकड़ कृषि क्षेत्र में छिड़काव किया जा सकता है। इफको ने बृहस्पतिवार को कृषि विभाग कार्यालय में ई-रिक्शा सहित दो ड्रोन निशुल्क प्रदान किए। इनके माध्यम से किसानों के खेतों में प्रदर्शन प्लांट लगाए जाएंगे। इन ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया तरल का छिड़काव किया जाएगा। इसके लिए किसानों से केवल सहभागिता के लिए मात्र सौ रुपए लिए जाएंगे, जबकि खाद का खर्च निशुल्क रहेगा।

**पंजीकरण अनिवार्य**

इफको की योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है अथवा किसान अपने संबंधित कृषि विकास अधिकारी/खण्ड कृषि अधिकारी के माध्यम से पंजीकरण करवा भी सकते हैं। इस योजना के लिए जिला रोहतक को 4000 एकड़ के प्रदर्शन प्लॉट आयोजित का लक्ष्य दिया गया है। जिसको जिले के पाँचों खण्डों में बराबर वितरित कर दिया गया है। इन प्रदर्शन प्लॉटों में 100/-रुपये प्रति एकड़ का शुल्क अदा करने उपरान्त किसान के खेत में विभाग द्वारा ड्रोन/ट्रैक्टर चालित स्प्रे पम्प/पॉवर ऑपरेटिड स्प्रे पंप या किसी अन्य माध्यम की सहायता से करवाया जाएगा। ड्रोन आदि का कोई भी शुल्क किसान से नहीं लिया जाएगा।

#### पांच और मिलेंगे

इस मौके पर कृषि विभाग के उप निदेशक करमचंद ने बताया कि जिले में प्रदर्शन प्लांट हेतु 4000 एकड़ क्षेत्र का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि रोहतक जिला को पहले चरण में 7 ड्रोन अलॉट किए गए हैं। अभी पांच ड्रोन और आने शेष हैं। उन्होंने कहा कि प्रायः देखने में आता है कि किसानों द्वारा रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध प्रयोग खेतों में किया जाता है जिससे मिट्टी के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उप निदेशक ने वीरवार को ड्रोन को भी हरी झंडी दी। इस अवसर पर गुण नियंत्रण अधिकारी राकेश जांगड़ा मौजूद रहे।

**100/-रुपये प्रति एकड़ होगा शुल्क**

ड्रोन से नैनो उर्वरकों के फसल में छिड़काव को प्रोत्साहन देने के लिए नई योजना तैयार की गई है। मात्र 100/-रुपये प्रति एकड़ के शुल्क पर तरल उर्वरकों का छिड़काव करवाया जाएगा। सरकार द्वारा तकनीक के इस्तेमाल को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक कार्य किये जा रहे हैं। जिनमें से ड्रोन के जरिए नैनो यूरिया तरल व डीएपी उर्वरकों के छिड़काव को प्रोत्साहन देने के लिए नई स्कीम है।

-कुलदीप सिंह,क्षेत्रीय अधिकारी, इफको रोहतक

---

### भागवत कथा के पांचवे दिन नंद किशोर शास्त्री ने गिरिराज प्रकरण सुनाया

# प्रसन्न होंगे गिरिराज तो पूर्ण करेंगे सभी की मनोकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- सेक्टर एक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हो रही श्रीमद् भागवत कथा



**रोहतक।** सेक्टर एक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में गुरुवार को श्रीमद् भागवत कथा करते पंडित नंद किशोर शास्त्री और आरती करते लोग। फोटो : हरिभूमि

सेक्टर एक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन वृंदावन के नंदगांव से पधारे कथा वाचक नंद किशोर शात्री ने गुरुवार को कथा के दौरान भगवान गिरिराज लीला प्रसंग को श्रद्धालुओं को सुनाया। कथा की शुरुआत से पहले गणेश वंदन के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। गिरिराज लीला प्रकरण के विस्तार से वर्णन करते हुए शास्त्री ने श्रद्धालुओं को बताया कि गोवर्धन पूजा के दिन गिरिराज यानी गोवर्धन पर्वत और भगवान कृष्ण की पूजा की जाती है।

श्री कृष्ण जिन्हें गिरिराज भी कहते हैं अगर गिरिराज भगवान प्रसन्न होते हैं तो वे अपने भक्तों की सभी मनोकामनाओं को भी पूर्ण करते हैं। भगवान गिरिराज पर्वत प्रसंग पर कहा कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रज मंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ इस तरह श्री कृष्ण ने इंद्र का भी घमंड को नष्ट किया। कथा के दौरान विनोद शास्त्री, राहुल शर्मा, रामबाबू शर्मा और लक्ष्मीनारायण ने अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम, राम नारायणं जानकी बल्लभम, हे कृष्ण गोविंद हरे मुरारी, लोग कहते हैं भगवान खाते नहीं के मधुर भजनों के साथ पूरे पंडाल में भक्तिमय बना दिया। इस दौरान पूरे पंडाल में भक्तों ने जमकर नृत्य किया। इस दौरान एसपी शर्मा, राजेश कुमार, वेद प्रकाश पांडेय, कौशल्या देवी, रीतू, कुसुम, मुकेश, मधु, अशोक, कमला, सुनीता, रामदुलारी, शकुंतला और बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे।

### भूपेंद्र सिंह हुड्डा है किसान मजदूर के हितैषीः संदीप हुड्डा



**रोहतक।** हरियाणा किसान कांग्रेस के वाइस चेयरमैन संदीप हुड्डा चमारिया ने यहां जारी एक बयान में कहा कि यूरिया खाद की बैग 50 किलो से 40 किलो करना किसान के साथ धोखा है। खेती पर बढ़ रहे खर्च से पहले ही किसान परेशान था, आज खेती करना किसान के लिए घाटे का सौदा हो गया है। यूरिया खाद का वजन कम किया है तो रेट भी कम होने चाहिए। किसानों को खराब फसल का मुआवजा नहीं मिला। प्रदेश की गठबंधन सरकार को किसान की कोई चिंता नहीं है। किसान की कोई सुनवाई नहीं हो रही। संदीप हुड्डा ने कहा कि चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा हर वर्ग के हितैषी हैं। अब समय दूर नहीं है जब जनता गठबंधन सरकार को उखाड़ फेकेगी। अगली सरकार भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की बनेगी। सरकार बनते ही किसान गरीब मजदूर विरोधी फैसला वापस होंगे और फिर हरियाणा रोजगार और भाईचारे में नंबर वन होगा।

---

# महामंडलेश्वर स्वामी राघवेंद्र भारती को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**ये रहे मौजूदः** आश्रम में राम मंदिर के निमंत्रण के दौरान जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष हरियाणा कल्याण बोर्ड राजेश लूंबा टीनू, सरिता नारायण, उपाध्यक्ष हरिओम भाली, धर्मपाल काला चेयरमैन, व्यापारी नेता हैप्पी बहल, समाजसेवी दीपू नगपाल, नरेंद्र सहरावत, मनोज कुमार, रॉकी सहगल, अमित जोजी, पवन आहूजा, विजय विज, डॉ. अशोक रंगा,आशा शर्मा, रॉकी सहगल, सम्मी, विजय नांदल, भारत, बंटी, संजय ढाका आदि मौजूद रहे।

टिकाना सत बाबा सांवल शाह भिवानी चुंगी पर वीरवार को निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी राघवेंद्र भारती को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक व राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार का आश्रम पर आगमन हुआ। राम मंदिर के बारे में महामंडलेश्वर स्वामी राघवेंद्र भारती महाराज ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का दिन एतिहासिक दिन होगा। इस दिन का सैंकड़ों वर्षों से हिंदू व राष्ट्र इंतज़ार कर रहा था। 22 जनवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश के सैंकड़ों उच्चकोटि के संत महापुरुषों के सानिध्य में प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। भारत के गौरवशाली इतिहास में एक नया इतिहास जुड़ जाएगा। राघवेंद्र भारती ने सभी देशवासियों को इस दिन को बड़े उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया है। स्वामी शंकरानन्द ने सभी मंदिरों और घरों में बड़े भाव-चाव व ख़ुशी से दीप जलाने का भी आग्रह किया है।

---

# रोटरी क्लब ने मनाई लोहड़ी, खूब की मस्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोटरी क्लब ऑफ रोहतक हारमनी की तरफ से लोहड़ी का पर्व भिवानी रोड स्थित निजी होटल में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्रसिद्ध उद्योगपति रोमेश विग ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पठानिया स्कूल के डायरेक्टर अंशुल पठानिया, उद्योगपति सतीश मित्तल, अस्सिटेंट गवर्नर संजीव कुमार वधवा, क्लब के महासचिव विकास चाहर ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के प्रधान हेमंत बख्शी ने की। मुख्यातिथि रोमेश विग ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लोहड़ी पर्व रोमेश विग ने कहा कि लोहड़ी का पर्व खुशियां लेकर आता है। हर वर्ग के लोग लोहड़ी के पर्व को धूमधाम से मनाते है। प्रधान हेमंत बख्शी ने कहा कि लोहड़ी व मकर संक्रांति का पर्व सूर्य भगवान की दिशा बदलने का संकेत भी देता है। साथ ही लोहड़ी उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में शहर के कई प्रसिद्ध डॉक्टरों ने सदस्यता ग्रहण की, जिनमें शल्य चिकित्सक व पीजीआई में पूर्व एचओडी डॉ. श्याम सिंगला, बाल रोग विशेषज्ञ व पूर्व एचओडी डॉ. संजीव नंदा, शल्य चिकित्सक डॉ. विकास सिवाच, डॉ. अमित मान, डॉ. विनोद मलिक, डॉ. सतीश सुखीजा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित सचदेवा ने क्लब की सदस्यता को ग्रहण किया।

#### कार्यक्रम में डांस ग्रुप ने मचाया धमाल

लोहड़ी के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रसिद्ध डांस ग्रुप ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित सदस्यों को झूमने पर विवश कर दिया। डांस ग्रुप ने भंगड़ा करते हुए क्लब के सदस्यों को नाचने पर विवश कर दिया। वहीं, लोहड़ी जलाकर क्लब के सदस्यों ने जमकर डांस किया और लोहड़ी के पर्व का आनंद लिया। सभी ने एक दूसरे को लोहड़ी व मकर संक्रांति की बधाई भी दी।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद
कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब ऑफ रोहतक हारमनी के सभी सदस्यों के साथ डॉ. प्रवीन मल्होत्रा , उद्योगपति सतीश बंसल, डॉ. आरके चौधरी , महेंद्र कुमार बतरा, नरेश मित्तल, सुरेंद्र लौरा, कपिश खुराना, अशोक दलाल, नरेंद्र प्रताप शर्मा, तेजेंद्र मलिक, सरदार गुरमीत सिंह कोचर, सरदार अवतार सिंह कोचर सहित महिला शक्ति ने भाग लिया।

---

# पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत अपरोपियों के खिलाफ शुरू की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस द्वारा आदतन अपराधी जो समाज के लिए खतरा हो सकते है तथा कानून व्यवस्था की स्थिती बनाए रखने में बाधा उत्पन्न कर सकते है, उनके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के तहत कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। यह जानकारी एसपी हिमांशु गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा प्रदेश का पहला मामला है जब रोहतक पुलिस द्वारा इस अधिनियम के तहत किसी अपराधी के खिलाफ कार्यवाही की गई है। पुलिस द्वारा उक्त अधिनियम के तहत केस तैयार करके जिला मैजिस्ट्रेट रोहतक को भेजा गया। जिनके आदेशानुसार आरोपी राजकुमार उर्फ़ श्यामू को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत हिरासत में लेकर रोहतक जेल में बंद कराया गया है। आरोपी राजकुमार उर्फ़ श्यामू पर हत्या, हत्या का प्रयास, गैंगरेप, जबरन वसूली, मारपीट, आपराधिक साजिश, अवैध हथियार रखने आदि के 12 मामले रोहतक, झज्जर, गोहाना में दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि आरोपी राजकुमार उर्फ श्यामू निवासी गांव खिड़वाली ने अपने साथियों के साथ मिलकर गद्दी खेड़ी निवासी आशीष पर जानलेवा हमला करने की वारदात अंजाम दिया था। 8 मार्च 2023 को आशीष की शिकायत के आधार पर थाना बहु अकबरपुर में केस दर्ज किया गया था।

**निरंतर अपराध बढ़ रहे एसपी**

एसपी हिमांशु गर्ग ने बताया कि आरोपी निरंतर आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहा है व इसके साथ साथ आरोपी अन्य युवकों को भी अपने साथ आपराधिक वारदातों में शामिल कर रहा है। आरोपी अन्य युवकों को अपने झांसे में लेकर अपराध की ओर अग्रसर कर रहा है। आरोपी हथियारों सहित सोशल मीडिया पर अपनी फ़ोटो अपलोड कर दहशत फैलाता रहा है। आरोपी जमानत पर आने के बाद बार-बार अपराध करता जा रहा है। आरोपी राजकुमार उर्फ़ श्यामू को एनएसए एक्ट 1980 के तहत काबू किया गया है।

---

# लोकगायक गगन हरियाणवी भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



प्रसिद्व लोकगायक गगन हरियाणवी वीरवार को प्रदेश भाजपा प्रभारी व पूर्व मुख्यमंत्री विप्लब देब, सांसद अरविंद शर्मा और पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर की उपस्थित और जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका के संयोजन में दलबल सहित भाजपा में शामिल हुए। इस अवसर पर विप्लब देब ने कहा कि मोदी ने देश के स्वाभिमान को बढ़ाया है एक बार फिर देश आशा भरी निगाहों से उनकी ओर देख रहा है। गगन हरियाणवी ने कहा कि भाजपा में शामिल होना नरेंद्र मोदी की नीतियों का परिणाम है। हम कलाकार मृदु ह्रदय के व्यक्ति होते हैं सो देश के बढ़ते रुतबे व विकास को हमने ह्रदय से स्वीकारा है। गाय, संत व कलाकार का सपना मोदी पूरा कर रहे हैं। गगन ने कहा कि हरिओम मित्तल भाली के मार्गदर्शन और जिलाध्यक्ष अधिवक्ता रणवीर ढाका के संयोजन में भाजपा में शामिल हुए हैं।

**ये रहे मौजूद**

वीरवार को भाजपा में शामिल होने वालों में सौरभ, कुलदीप, भारत, अमित, अरुज शिव कुमार, प्रवेश, तरुण, निखिल, सोमबीर, कप्तान सिंह, राहुल, सुमित, विशाल, ललित, मोनू, तनुज हर्ष, केशव, विवेक, रवि, सचिन, मोहित, गौतम, विकास, रणधीर, प्रदीप, रितेश, कपिल, पंकज, विशाल कुमार, अभि और नीरज शामिल रहे। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अजय बंसल, जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली, सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल, नरेंद्र वत्स सहगल, वीर सिंह हुड्डा, सुखबीर, सरिता नारायण, रेणु डाबला, अंकित शर्मा और अशोक सहगल उपस्थित रहे।

---



# अयोध्या में लगने वाले भंडारे के लिए बाबा लक्ष्मणपुरी डेरे से खाद्य सामग्री रवाना

**रोहतक।** गोकर्ण पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज ने बताया कि 22 जनवरी को भगवान रामलला अयोध्या के भव्य राम मंदिर में विराजमान होंगे। इस गौरवशाली व अविस्मरणीय पल का साक्षी बनने के लिए विश्व भर से करोड़ों राम भक्त अयोध्या पहुंचेंगे। जूना अखाड़े द्वारा दत अवध मंदिर तुलसीघाट राम की पौड़ी में 1 जनवरी से 28 फरवरी तक राम भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वीरवार को खाद्य सामग्री व बिस्तर के समान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला श्रीराम जन्मभूमि पर बने भव्य राम मंदिर में विराजमान होंगे। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरि गिरि के नेतृत्व में राम भक्तों के लिए दत अवध मंदिर तुलसीघाट राम की पौड़ी में दो महीने तक भंडारा चलेगा।

---

# प्रदेशवासियों के साथ हुआ विश्वासघातः कुंडू

- हजपा संयोजक विधायक बलराज कुंडू ने 14 जनवरी को महम में होने वाले जनमिलन समारोह का न्यौता दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम



**महम।** हलका महम के एक गांव में ग्रामीणों को मकर सक्रांति कार्यक्रम में पहुंचने का न्योता देते विधायक बलराज कुंडू।

महम से निर्दलीय विधायक एवं हरियाणा जनसेवक पार्टी के संयोजक बलराज कुंडू 14 जनवरी को महम की अनाज मंडी में जन मिलन समारोह आयोजित कर रहे हैं। मकर सक्रांति के दिन होने वाले इस कार्यक्रम में हलका महम के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए वे गांव गांव जाकर ग्रामीणों को न्योता देने में लगे हैं। वीरवार को भी उन्होंने हलका महम के कई गांवों का दौरा किया। इस दिन उन्होंने मदीना, निडाना व खरैंटी गांवों में जनसभाओं को संबोधित किया। विधायक बलराज कुंडू ने कहा कि बीजेपी जेजेपी गठबंधन ठगबंधन साबित हुआ है। गठबंधन सरकार ने जनता के साथ धोखा किया है। गठबंधन सरकार ने लोगों को अच्छे दिनों के सपने दिखाए थे, लेकिन सरकार ने सबका साथ सबका विकास का नारा देकर जनता के साथ बड़ा विश्वासघात किया है। कुंडू ने कहा कि बीजेपी को यमुना पार का नारा देने वाले ख़ुद बीजेपी की गोदी में जा बैठे। गठबंधन सरकार ने संविधान को तार-तार करके तानाशाही के रवैये पर काम किया है। एमएलए बलराज कुंडू ने कहा कि सभी कर्मचारी सरकार की नीतियों से परेशान हैं। फैमिली आईडी के नाम पर हरियाणा में बड़ा खेल खेला जा रहा है। विधानसभा में जनता के असली और ज़रूरी मुद्दों को लेकर चर्चा नहीं होती। विधानसभा में सिर्फ़ शेयर और शायरी करके सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच 20-20 का खेल खेला जा रहा है। कुंडू ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन करने का मन बना लिया है। आगामी दिनों में वे हरियाणा के प्रत्येक विधानसभा में पार्टी की रैली करके प्रदेश में राजनीति के मायने बदलने की ओर बढ़ेंगे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

शादी से पहले शादी के बाद मिलें
M. 9468439815, 8708047093
मर्दाना ताकत, 7 दिन वाला कोर्स
नसों का ढीलापन अविकसित अंग धात, शीघ्रपतन, कम निल शुक्राणु स्त्री रोग, फिगर बनाएं
DR. K.K. SHOREN, B.A.M.S
जुनेजा मॉर्डन फार्मेसी
सैक्टर 2-3 पार्ट, 1866, नजदीक लिटल श्री स्कूल, रोहतक

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS Doctor 2
Nursing Staff 6
RMO 4
Computer Operator 1
Accountant 1
Gatekeeper 3
Sweeper 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
BHGYASHREE Bollywood Actors
DR. KAWATRA M. 9215161430
निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

## खबर संक्षेप



### जिप चेयरमैन मंजू हुड्डा ने हवन करवाया

**रोहतक।** जिला परिषद चेयरमैन मंजू हुड्डा ने वार्ड-5 के गांवों में हवन करवाया। यह हवन मकर संक्रांति के उपलक्ष और अयोध्या में श्री राम मंदिर की पूजा स्वरूप करवाया गया। चेयरमैन की तरफ से हर गांव में प्रसाद भी बांटा गया।

### इनेलो की नई जिला कार्यकारिणी बनाई

**रोहतक।** इनेलो की रोहतक जिला शहरी इकाई की बैठक हुई। इसमें कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। नई कार्यकारिणी में सतीश कुमार मनचंदा उर्फ कालू भाई को वरिष्ठ उपप्रधान, दिलावर सिंह एडवोकेट को प्रधान महासचिव, संदीप नांदल व राजेश कपूर को उपप्रधान, बाली शर्मा, सुशील गुप्ता और यशपाल सरीन को महासचिव, रमेश सोहेल को सचिव, शमिंदर सिंह को सहसचिव नियुक्त किया है। हलका सांपला शहरी अध्यक्ष महेन्द्र हलवाई, हल्का महम शहरी अध्यक्ष राजेश कुमार और हलका कलानौर शहरी अध्यक्ष अमित कुमार को बनाया।

### विकास को संयोजक नियुक्त किया

**रोहतक।** भाजपा जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका ने विश्वकर्म योजना के तहत विधानसभा वाइज जिम्मेदारी देते हुए ज्योत्सना रोहिल्ला, कलानौर से नरेंद्र प्रजापत, महम से सुनीता यादव, गढ़ी-सांपला-किलोई हल्के से विकास पवार को योजना का संयोजक नियुक्त किया है। जिला संयोजक सतीश चौधरी, जिला सहसंयोजक आशा, मनोज स्वामी ने कहा है कि हम सरकार की हर योजना को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पहुंच से दूर योजनाओं को आम आदमी के साथ जोड़ने का कार्य किया है।



# इजराइल जाने के लिए 10 हजार वेकेंसी पर सिर्फ 2900 आवेदन

## यहां के मजदूरों को युद्ध से संकटग्रस्त इजराइल में काम दिलवाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

कई साल से देश में बेरोजगारी का राग गाया जा रहा है। रोजगार के लिए विदेशों में जा रहे युवाओं की संख्या भी बढ़ रही है। इनके सबके बीच हरियाणा सरकार ने पिछले दिनों एक पहल की है कि यहां के मजदूरों को युद्ध से संकटग्रस्त इजराइल में काम धंधे दिलवाए जाएंगें। इसकी जिम्मेदारी सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम को सौंपी है। निगम ने बताया कि इजराइल में 10 हजार श्रमिकों की आवश्यकता है।

यहां पर जिस भी मजदूर को काम-धंधा चाहिए, वे निगम की वेबसाइट पर आवेदन करें। बृहस्पतिवार 11 जनवरी आवेदन की अंतिम तिथि थी, लेकिन आप ये जानकार हैरान होंगे कि गत 10 जनवरी तक 10 हजार वेकेंसी के एवज में मात्र 2900 श्रमिकों ने इजराइल जाने के लिए आवेदन किया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय आवेदनकर्ताओं की 15 से 19 जनवरी तक परीक्षा लेगा। जो एग्जाम में पास होगा, उसे इजराइल भेजने की व्यवस्था हरियाणा सरकार करेगी। यूपी सरकार ने भी अपने लोगों को इजराइल भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ की हुई है।



■ महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय आवेदनकर्ताओं की 15 से 19 जनवरी तक परीक्षा लेगा

### यह है योजना

हमास के साथ जंग के चलते मानव श्रम की कमी से जूझ रहे इजरायल को अब हरियाणा सरकार 10 हजार कुशल श्रमिक भेजेगी। साथ ही दुबई के लिए 50 बाउंसर और यूनाइटेड किंगडम (यूके) स्थित कैंब्रिज यूनिवर्सिटी अस्पताल के लिए 120 स्टाफ नर्सें हरियाणा से भेजी जाएंगी। युवाओं को विदेश में नौकरी के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम ने विज्ञापन जारी किया है। इजरायल जाने वाले श्रमिकों को हर महीने 6100 एनआईएस (इजरायली मुद्रा) मिलेंगे, जो भारतीय करेंसी में 1.34 लाख रुपये के बराबर हैं।

### ये श्रमिकों की योग्यता

इजराइल के लिए जो कुशल श्रमिक भेजे जाएंगे। उनमें तीन हजार श्रमिक फ्रेमवर्क और शटरिंग कारपेंटर ट्रेड, तीन हजार लोहे को मोड़ने वाले, दो हजार सिरेमिक टाइल और दो हजार प्लास्टर ट्रेड के श्रमिक शामिल हैं। इजरायल जाने के इच्छुक कुशल श्रमिकों के लिए आवश्यक न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास और आयु 25 से 54 वर्ष के बीच होनी चाहिए, न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव भी जरूरी है। उम्मीदवारों को औद्योगिक भवन फार्म वर्क, लकड़ी फार्मवर्क, सिरेमिक टाइलिंग, प्लास्टर कार्य और लोहे को मोड़ने का अनुभव होना चाहिए। साथ ही निर्माण योजनाओं को पढ़ने का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।

### इतिहास पर डालें नजर

इजराइल और फलस्तीन के बीच विवाद कोई नया नहीं है। सबसे पहले हम इसकी भूगोलीय स्थिति के बारे में समझते हैं। दरअसल, इजरायल के पूर्वी और दक्षिण-पश्चिम हिस्से में दो अलग-अलग क्षेत्र मौजूद हैं। पूर्वी हिस्से में वेस्ट बैंक और दक्षिण-पश्चिम हिस्से में एक पट्टी है, जिसे गाजा पट्टी के तौर पर जाना जाता है। वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी को ही फलस्तीन माना जाता है। हालांकि, वेस्ट बैंक में फलस्तीन नेशनल अथॉरिटी सरकार चलाती है और गाजा पट्टी पर हमास का कब्जा है, इजरायल विरोधी एक चरमपंथी संगठन है।



## करनाल में आज होने वाले प्रदर्शन के लिए मिड डे मील वर्कर्स रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

12 महीने मानदेय, वर्दी भत्ते में बढ़ोतरी एवं अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर 12 जनवरी को होने वाले प्रदर्शन में रोहतक से सैकड़ों की संख्या में मिड-डे-मील वर्कर्स रवाना हुई। यूनियन जिला प्रधान बबीता और जिला सचिव रीना ने कहा कि मिड डे मील वर्कर्स 12 महीने काम करती हैं और सरकार की तरफ से मानदेय 10 महीने का मिलता है। नई शिक्षा नीति के नाम पर सरकारी स्कूली व्यवस्था का भट्ठा बिठाया जा रहा है।

मर्जर के नाम पर लगभग 5000 सरकारी स्कूल पिछले 5 वर्षों में बंद हो चुके हैं। जिस कारण लगभग 10000 मिड डे मील वर्कर्स का रोजगार छिन गया है। उन्होंने बताया कि रोहतक ब्लॉक से चले जत्थे का नेतृत्व सीटू नेता भगत सिंह, जिला सचिव रीना, उपप्रधान सरला, कलानौर ब्लॉक के जत्थे का नेतृत्व सीटू जिला प्रधान कमलेश लाहली, भीमपति व भारती, लाखनमाजरा ब्लॉक के जत्थे का नेतृत्व यूनियन जिला प्रधान बबीता और सुमन, महम ब्लॉक के जत्थे की अगुवाई सीटू जिला सहसचिव प्रकाशचंद्र ने किया।

### ये हैं मांगें

- मिड डे मिल वर्करों का मानदेय तुरंत दिया जाए।
- वर्कर्स का मानदेय 10 महीने की बजाय 12 महीने दिया जाए।
- रिटायरमेंट की उम्र 65 वर्ष की जाए और रिटायरमेंट पर दो लाख रुपये दिए जाएं।
- स्कूलों में स्वयं सहायता समूह बंद हो।
- काम के दौरान घायल होने पर इलाज व 50000 रुपये तथा मृत्यु होने पर 500000 मुआवजा मिले।
- मिड डे मील कुक को इएसआई व पीएफ में शामिल किया जाए।
- मिड डे मील वर्कर्स को पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और न्यूनतम वेतन 26000 किया जाए।

## युवा वर्ग कौशल हासिल कर रोजगार मांगने वाले की बजाय देने वाला बने : डॉ. रंगा

■ सूक्ष्म एवं लघु उद्योग टेक्नोलॉजी सेंटर रोहतक के सौजन्य से गांव लाहली में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



एससी पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार रंगा ने कहा कि कौशल प्राप्त कर व्यक्ति रोजगार मांगने वाले की बजाय रोजगार देने वाला बन सकता है, अगर उसमें सच्ची लगन और मेहनत हो।

ये बात उन्होंने सूक्ष्म एवं लघु उद्योग टेक्नोलॉजी सेंटर रोहतक के सौजन्य से गांव लाहली में युवाओं के लिए अल्प अवधि के रोजगार परक कोर्स उपलब्ध करवाने व कुशल युवाओं को स्वरोजगार के लिए पीएमजीपी व अन्य स्कीमों की जानकारी को लेकर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। एमएसएमइ टेक्नॉलोजी सेंटर रोहतक सेंटर के वरिष्ठ अधिकारी नरेश जैन ने कहा कि कई कोर्स के लिए गरीब परिवारों के बच्चों से कोई फीस नहीं ली जाती।

एलपीएस बोसार्ड से अमित कुमार ने आईटीई पास तथा एमएसएमइ टेक्नॉलोजी सेंटर से ट्रेनिंग प्राप्त युवाओं से अपने उद्योग में स्थान देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम संयोजक व ग्राम पंचायत सरपंच कश्मीरी कल्सन ने कहा कि उनके गांव से युवाओं का एक दल जल्द ही टेक्नॉलोजी सेंटर पहुंच कर और अधिक जानकारी प्राप्त करेगा।

### बाइक चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने पीजीआईएमएस पार्किंग से मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है।

थाना प्रभारी पीजीआईएमएस शमशेर ने बताया कि गांव किरतान जिला हिसार निवासी सोनू की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि 29 दिसंबर 2023 को सोनू अपने भाई के साथ पीजीआईएमएस में आया हुआ था।

#### पार्किंग में खड़ी की थी बाइक

मोटरसाइकिल को डेंटल विभाग की पार्किंग में खड़ा कर दवाइलेने चले गया। वापिस आने पर सोनू को अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली। अज्ञात युवक सोनू की मोटरसाइकिल चोरी कर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 10 जनवरी को आरोपी सुंदर निवासी धनाना जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया गया है।

## प्रधानमंत्री ने गरीब, महिला, किसान और युवा के उत्थान का लिया संकल्प : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महम



**महम।** भैणी चंद्रपाल गांव में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लेते राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, भाजपा नेत्री राधा अहलावत व अन्य।

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीब, महिला, किसान व युवा के उत्थान का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 2029 तक बढ़ा दिया गया है। अब न तो केवल गरीब भूखा रहेगा और न ही कोई पात्र पक्के मकान से वंचित रहेगा। रामचंद्र जांगड़ा गांव भैणी चंद्रपाल में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में उपस्थितगण को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की गारंटी की गाड़ी विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मौके पर वंचित पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का गौरव विश्व में बढ़ा है तथा देश की अर्थव्यवस्था 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है। नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।सांसद ने रामचंद्र जांगड़ा ने बताया कि हर नागरिक प्रधानमंत्री के संकल्प को सिद्धि में परिवर्तित करने के लिए अपना बहुमूल्य योगदान दें। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री राधा अहलावत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। प्रदेश सरकार द्वारा 60 वर्ष से अधिक आयु के पात्र बुजुर्गों को 3 हजार रुपये प्रतिमाह वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पेंशन दी जा रही है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर महंत सतीश दास, बीडीपीओ नरेंद्र धनखड़, सरपंच शिवराज सिवाच व पूर्व चेयरमैन नरेश बड़ाभैण व पंच यशपाल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### देव कॉलोनी स्थित पीजी संचालक पर युवकों ने किया हमला, घायल को दोस्तों ने पीजीआई में कराया भर्ती

■ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की शुरू

**रोहतक।** देव कॉलोनी स्थित एक पीजी में बुधवार की देर रात आकर पीजी संचालक पर हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को दोस्तों की मदद से पीजीआई में भर्ती करवाया गया। जहां युवक को गंभीर रूप से घायल बताया गया है। गंभीर हालत को देखते हुए युवक के परिजनों ने युवक को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं, यवुक के भाई ने पीजीआई थाना पुलिस को युवकों के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया है। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। पीजीआई थाना पुलिस को झज्जर के रिवाडी खेड़ा निवासी सागर ने बताया कि मेरा भाई कमलदीप ने देव कॉलोनी पीजी कर रखा है। दस जनवरी को मैं अपने भाई कमलदीप से मिलकर वापिस अपने घर रिवाडी खेडा जा रहा था, जब खेडी साध के पास पहुंचा तो मेरे पास नसीब का फोन आया कि कमलदीप के साथ झगड़ा हो गया है। सूचना मिलने पर कमलदीप के पास वापिस आया तो तो करीब 10-15 लड़के लोहे की राड, बिट्टा व हथियार से मारकर कमलदीप को घालय कर दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## सही प्रशिक्षण से लक्ष्य किया जा सकता है प्राप्त : डॉ. आदिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

विद्यार्थी जीवन-काल स्वर्णिम काल है, जिसमें भविष्य की बुनियाद रखी जाती है। लक्ष्य निर्धारित कर, कड़ी मेहनत के साथ, व्यवहार कुशलता के साथ, उचित प्रशिक्षण के साथ जीवन लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए उत्कृष्ट कार्य संस्कृति भी विकसित करनी होगी।

ये प्रेरणादायी विचार सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट बॉर एसोसिएशन के अध्यक्ष, इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ ज्यूरिस्ट्स के अध्यक्ष तथा ऑल इंडिया बॉर एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. आदिश अग्रवाल ने आज महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विधि विभाग के तत्वावधान में आयोजित विशेष व्याख्यान तथा इंटैरेक्शन कार्यक्रम में व्यक्त किए।अधिवक्ता आदिश अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों को सही लिखने, ड्राफ्टिंग की कला, कोर्ट क्राफ्ट स्किल विकसित करनी होगी। मूट कोर्ट में नियमित प्रतिभागिता से कोर्ट क्राफ्ट कौशल विकसित हो सकता है, ऐसा उनका कहना था। उन्होंने एमडीयू के विधि विभाग, विश्वविद्यालय प्रशासन के सहयोग से भविष्य में इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑफ ज्यूरिस्ट्स का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एमडीयू में आयोजित करने की मंशा जाहिर की। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने डा. आदिश अग्रवाल का विश्वविद्यालय विजिट के लिए आभार जताया। कुलपति ने कहा कि एमडीयू भारत का पहला विश्वविद्यालय था, जिसने कि पंचवर्षीय समेकित विधि पाठ्यक्रम प्रारंभ किया था। कुलपति ने विद्यार्थियों को संचार कौशल तथा साफ्ट स्किल्स विकसित करने का परामर्श दिया। कुलपति ने अंतर्राष्ट्रीय विधि संगोष्ठी आयोजन के आदिश अग्रवाल के प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए बेहतरीन आयोजन की संकल्पबद्धता जाहिर की।



कार्यक्रम में स्वागत भाषण विभागाध्यक्ष डा. जितेन्द्र ढुल ने दिया। उन्होंने अतिथि वक्ता का परिचय दिया। आभार प्रदर्शन राहुल यादव ने किया।

### क्रिकेट टूर्नामेंट में पीटीएन आरएस कॉलेज ने वैश्य को दी पटकनी



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि में आयोजित इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में पीटीएन आरएस कॉलेज रोहतक ने वैश्य कॉलेज रोहतक को हराकर तीसरी रनर अप ट्रॉफी जीती। इससे पूर्व मैच का शुभारंभ वैश्य कॉलेज रोहतक के प्रिंसिपल डॉ. संजय गुप्ता ने किया। पहले मैच में पंडित नेकी राम कॉलेज रोहतक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 164 रन बनाए इसके जवाब में वैश्य कॉलेज रोहतक की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 96 रन ही रन बना पाई। पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय रोहतक के गौरव कुमार ने 50 गेंदों में 63 रन बनाए और अभिषेक चौधरी ने 4ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट लिए और 63 रनों से नेकीराम कॉलेज रोहतक की टीम टीम ने यह मैच जीत लिया। । इधर एमडीयू रोहतक कि ताइक्वांडो महिला एवं पुरुष टीम जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में 1 गोल्ड 6 सिल्वर मेडल प्राप्त कर लिया है।



### संकट मोचन मंदिर में हवन कर मांगी विश्व शांति और उन्नति की कामनाएं

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में वीरवार को इस वर्ष की पहली अमावस्या के अवसर पर हवन, सत्संग और कीर्तन का आयोजन किया गया। साध्वी मानेश्वरी देवी ने भक्तों संग हवन में ऊं नमः भगवते वासुदेवाय मंत्रोच्चारण के साथ हवन में महामंत्र जाप और आहुति डालकर विश्व शांति और उन्नति की कामना की। श्रद्धालु भक्ति में लीन दिखाई दिए। पंडित अशोक शर्मा ने प्रसाद वितरित किया। साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हर महीने आने वाली अमावस्या महत्वपूर्ण और फलदायी होती है। इस दिन गरीब और जरूरतमंदों को किए गए दान का पुण्य न केवल जातक को बल्कि उसके पूर्वजों को भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि सर्दी में अपने व परिवार के छोटे हुए वस्त्रों को गरीब और जरुततमंद लोगों को वितरित करें। इस दिन पूर्वजों की शांति के लिए दान, श्राद्ध और तर्पण करने की भी परंपरा है।

### प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने किया शुभारंभ

## जाट कॉलेज में हैंडबाल चैंपियनशिप शुरू

■ गवर्नमेंट कॉलेज महम की टीम ने सांपला को हराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय के खेल मैदान में वीरवार को तीन दिवसीय इंटर कॉलेज पुरुष व महिला वर्ग की हैंडबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। इस चैंपियनशिप का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने किया। प्राचार्या का स्वागत खेल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. बलराज देशवाल व शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुखबीर सिंह सिंधु ने किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और कहा कि जीत और हार खेल के दो पहलू हैं और खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आगे बढने को प्रेरित किया।

डॉ. सुखबीर सिंह सिंधु ने बताया कि चैंपियनशिप के दौरान विभिन्न कॉलेजों की कई टीम में भाग ले रही हैं। बृहस्पतिवार को हुए मुकाबले में गवर्नमेंट कॉलेज सांपला और गवर्नमेंट कॉलेज महम की टीमों के बीच हुआ। जिसमें गवर्नमेंट कॉलेज महम की टीम विजय रही।

उन्होंने बताया कि महिला वर्ग के मुकाबले में गवर्नमेंट कॉलेज महम और हिंदू कॉलेज सोनीपत के बीच हुआ जिसमें गवर्नमेंट कॉलेज महम की टीम ने मैच में जीत हासिल की। वहीं, महिला वर्ग के दूसरे मैच में हिंदू कॉलेज सोनीपत व महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय के बीच हुआ जिसमें महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय की टीम विजेता रही। इस दौरान निर्णायक मंडल में डॉक्टर कुसुम, अमित मलिक, राजेश जाखड़, प्रीतपाल कादियान रहे।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. मनीषा सैनी, डॉ. सुमन, डॉ. मनीष हुड्डा, डॉ. रामेंद्र हुड्डा, डॉ. सूर्यप्रकाश, दयानंद मलिक, डॉ. मनीष हुड्डा, डॉ. वरुण मलिक, डॉ. जयपाल, डॉ. विशाल, डॉ. प्रदीप भारद्वाज मौजूद रहे।

### हैंडबॉल में महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय की टीम विजयी



**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में तीन दिवसीय हैंडबॉल चैंपियनशिप का आगाज हुआ। वीरवार को पहला मैच गवर्नमेंट कॉलेज महम तथा टीकाराम कॉलेज सोनीपत के बीच हुआ, जिसमें गवर्नमेंट कॉलेज महम ने अपनी जीत दर्ज की।

वहीं दूसरा मैच एमकेजेके कॉलेज रोहतक तथा जाट कॉलेज रोहतक के बीच खेला गया, जिसमें महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय की टीम विजयी रही। प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचब ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. मनीषा हुड्डा, राजेश, प्रीतपाल, धर्मजीत, अमित, कुसुम, डॉ. विशाल, डॉ. कुसुम लता, डॉ. मनीषा सैनी, डॉ. सुखबीर सिंधु, डॉ. वरुण मलिक, डॉक्टर सुमन मान आदि मौजूद रहे।